Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to make available bamboo to Kamar tribe in Mahasamund Parliamentary Constituency, Chhattisgarh for manufacturing bamboo products and also provide market for their products.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विशेष जनजाति के दर्जा प्राप्त कमार जनजाति की संख्या छत्तीसगढ़ में लगभग 35 से 40 हज़ार के बीच है, जिसमें से आधे से अधिक लोग मेरे लोक सभा क्षेत्र महासमुन्द के जिला गरियाबंद व महासमुन्द में निवासरत हैं, इनका जीविकापार्जन वनोपज या उससे निर्मित वस्तु पर आधारित है ।

कमार जनजाति वनों में ही निवास करते हैं, शासन द्वारा इनके आर्थिक शैक्षणिक व सामाजिक विकास हेतु अलग से प्रोजेक्ट तैयार करके बजट का प्रावधान किया जाता है, किन्तु वर्तमान परिदृश्य मे आज भी ऐसा धरातल में नजर नही आता है । इनका मुख्य व्यवसाय बांस से निर्मित दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तु जैसे टोकरी, सूप , टेबल-कुर्सी और चटाई इत्यादि है । मैं इस संदर्भ में सदन के माध्यम से संबंधित मंत्रालय से यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन्हें उक्त पारंपरिक कार्य हेतु प्रशिक्षित कराया जाए, तथा बांस को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं और इनके द्वारा निर्मित सामान के विक्रय हेतु बाजार व्यवस्था की जाए ताकि इनके जीवन स्तर में सुधार हो सके ।